कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, सोनीपत।

रोजगार सूचना

सोनीपत सत्र मण्डल (जिला न्यायालय, सोनीपत) में चपरासी के 08 (आठ) पदों पर अस्थायी (एड-हॉक) आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह नियुक्ति छः माह की अवधि के लिए अथवा नियमित नियुक्तियाँ होने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। इन पदों के लिए समेकित वेतन ₹16,900/- प्रति माह मात्र देय होगा। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता, आरक्षण श्रेणियाँ तथा आयु सीमा निम्नानुसार है:-

योग्यता:

अभ्यर्थी का **मिडिल (आठवीं) उत्तीर्ण** होना आवश्यक है तथा उसे **हिंदी या पंजाबी का ज्ञान** होना चाहिए।

आरक्षण श्रेणियाँ:

General	DSC of Haryana	BC-A of Haryana	BC-B of Haryana	EWS	Ex-Serviceman of Haryana (BC-A)	Total
3	1	1	1	1	1	8

आयु सीमा

वे **अभ्यर्थी** जिनकी आयु 01 जनवरी, 2026, तक न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 42 वर्ष है, उपरोक्त पद हेतु आवेदन कर सकते हैं। आरक्षित श्रेणी के उम्मीद्वारों को हरियाणा सरकार द्वारा समय–समय पर बनाये गए नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जायेगी।

अन्तिम तिथि तथा अन्य आवश्यक सूचना

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, सोनीपत, के कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि **16.02.2026 सायं 05:00 बजे** तक है। आवेदक एक सादे कागज़ पर अपना पूर्ण विवरण जैसे कि पद का नाम, आवेदक का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, लिंग, **जातिगत** श्रेणी जिसके अन्तर्गत आवेदन किया है, अनुभव (यदि है), वर्तमान डाक पता सम्पर्क नम्बर सहित, स्थाई पता, ई–मेल (यदि है), लिखकर आवेदन कर सकता है। आवेदन–पत्र **का प्रारूप इस कार्यालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है**। आवेदन–पत्र पर एक पासपोर्ट आकार का स्व–सत्यापित हालिया फोटो चिपका होना चाहिए और सभी शैक्षणिक दस्तावेज़ों व **जातिगत** श्रेणी तथा अनुभव इत्यादि **संबंधित** प्रमाण–पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न होनी चाहिए। **आरक्षित श्रेणी**

से संबधित दस्तावेज की प्रतिलिपि संलग़न नहीं करने वाले उम्मीदवार को सामान्य श्रेणी से संबधित उम्मीदवार माना जाएगा। अधूरे तथा बिना आवश्यक दस्तावेज़ों के आवेदन–पत्रों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

आवेदक अपना आवेदन–पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सोनीपत, के कार्यालय में उपरोक्त तिथि तक ड़ाक/**कूरियर** द्वारा अथवा **प्रत्येक** कार्यदिवस सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक दस्ती भी जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कार्यालय डाक/**कूरियर** विभाग द्वारा आवेदन–पत्रों के वितरण में देरी/आवेदन–पत्रों के प्राप्त न होने व किसी भी प्रकार की गलती के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार बिना पूर्व सूचना के बढ़ाई या घटाई जा सकती है। यदि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो इस कार्यालय को उम्मीदवारों को लघु-सूचीबद्ध करने के लिए उचित मानदंड अपनाने का अधिकार है।

जो इच्छुक उम्मीद्वार सरकारी/अर्ध–सरकारी विभाग, **निगमों** व बोर्डो में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन–पत्र उचित माध्यम द्वारा भेजें।

साक्षात्कार–विवरण

यहाँ यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि उपर्युक्त पद हेतु **साक्षात्कार का कार्यक्रम** सोनीपत सत्र मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट https://sonepat.dcourts.gov.in/ पर अपलोड किया जाएगा तथा उसी दिन इस कार्यालय के सूचना पट्ट (नोटिस बोर्ड) पर भी चस्पा किया जाएगा। उक्त पद हेतु आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के कार्यक्रम को नोट करने के लिए या तो उपर्युक्त वेबसाइट का अवलोकन करें अथवा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड को स्वयं देखें। किसी भी अभ्यर्थी को अलग से कोई कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता (T.A./D.A.) देय नहीं होगा।

Sd/-
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला न्यायालय, सोनीपत

दिनांक: 29 जनवरी, 2026